# अब गरीबों तक पहुंचेंगी आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं : राजपाल

**सिवनी, देशबन्धु।** आखिरकार सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन कि अथक प्रयास से सिवनी जिले वासियों का सपना आज पूरा हो गया। परिणाम स्वरूप मेडिकल कॉलेज का लोकल पर हुआ, साथ ही कॉलेज की 50 से बढ़कर अब 100 सीट हो गई है। धन्वन्तरि जयंती एवं 9 वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 12850 करोड़ रुपये लागत की स्वास्थ्य परियोजनाओ के साथ ही शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी का वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से लोकार्पण किया गया। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी का जिला स्तरीय लोकार्पण समारोह राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद भारती पारधी, विधायक सिवनी दिनेश राय, विधायक बरघाट कमल मर्सकोले,

## जिलेवासियों को समर्पित सिवनी मेडिकल कॉलेज : मुनमुन





विधायक केवलारी रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया, नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पवार, पूर्व सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, पूर्व सांसद नीता पटेरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों संभागायुक्त अभय वर्मा, आई जी जबलपुर अनिल सिंह कुशवाहा, कलेक्टर संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन विजय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एवं लगभग 08 से 10 हजार की संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि मेरा ऐसा विश्वास है कि सिवनी मेडिकल कॉलेज वंचितों, गरीबों तक आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा कर सरकार के सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को साकार करेगा। उन्?होंने कहा कि मेरा मानना है कि जिनके मन में सेवा भावना होती है, वही डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के रूप में चिकित्सा सेवा को चुनते है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मेडिकल कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और छात्र के रूप में आप सब को सेवा भावना, संवेदनशीलता, सहानुभूति और रोगी परिजनों के प्रति समानुभूति के भावों और व्यवहार की मजबूत परंपरा को कायम करना होगा। पीड़ित मानवता की सेवा बहुत बड़ी जिम्मेदारी और मानवता का सर्वोच्च धर्म है,इसीलिए हमारे देश में डॉक्टरों को लोग भगवान मानते हैं क्योंकि वे लोगों की स्वास्थ्य-रक्षा तथा प्राण-रक्षा करते हैं।

विधायक दिनेश राय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सिवनी के विकास में कोई कसर नहीं छोडी है। सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेज के रूप में मिली यह सौगात निश्चित रूप से सिवनी जिले के निवासियों के लिए फायदेमंद होगी। अब जिले वासियों को अपने उपचार के लिए नागपुर-जबलपुर की ओर नहीं जाना पड़ेगा।

## घर के ऊपर झूलते तारों से परेशान हितग्राही महीनों से भटक रहा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के बिजली विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि विगत दस महीने से एक हितग्राही भटक रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं की जा रही है। नगर के गांधीवार्ड एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत विभाग की ढील एवं सुस्त कार्यप्रणाली की वजह से बिजली के तार घरों के ऊपर झूल रहे हैं जिससे किसी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

शिकायतकर्ता प्रकाश सिंह बझैया निवासी गांधीवार्ड के घर के ऊपर से किसानी स्कूल के रास्ते मुक्तिधाम चौराहा तक 11 हजार 11 केजी लाइन एवं एलटी विद्युत लाइन पूर्व से शिकायतकर्ता के घर के ऊपर से निकली है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ महीनों पूर्व उनकी पुत्री विद्युत लाइन के संपर्क में आने से करंट का शिकार हो चुकी है। इसी विद्युत लाइन के कारण अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यह कि बिजली विभाग के द्वारा लगभग 10 माह पहले विद्युत लाइन शिफ्टिंग के लिए दो विद्युत पोल लगा दिए गए हैं। लेकिन उन विद्युत पोल में अभी तक बिजली के तार नहीं खींचे गए है। जबकि तार शिफ्टिंग के लिए यह पोल 10 माह पहले से तैयार खड़े हैं इन विद्युत पोल में सिर्फ तार खींचना बाकी है।लेकिन बिजली विभाग की उदासीनता के चलते यह कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि बिजली के झूलते तारों को घर के ऊपर से हटाया जाए।

## सार-समाचार

### नर्मदा तट पर की गई साफ सफाई, सदस्यों ने बनाई पेंटिंग



**गोटेगांव, देशबन्धु।** तहसील के अंतर्गत नर्मदा के तट झांसीघाट में मां नर्मदा युवा सेवा संगठन झांसीघाट के सदस्यों ने दीपोत्सव की उपलक्ष में मां नर्मदा तट की साफ सफाई की गई। उसके उपरांत घाट परिसर को वॉटरप्रूफ पेट से पेंटिंग सदस्यों ने करवाया जिससे पूरे साल तट पर सुंदरता बनी रहती है, मां नर्मदा युवा सेवा संगठन हर वर्ष तट पर पुताई एवं पेंटिंग करवाती आई है जिसमें अध्यक्ष आशीष पटेल सत्येंद्र लोधी,सदस्यगण मालक पटेल आशीष विश्वकर्मा अभिषेक विश्वकर्मा पवन मेहरा अमन गोस्वामी नमन अरुण आर्यन सूरज पंचम कैलाश सत्यम दीपक निलेश योग नमामि छोटू सतीश दीपक अखिलेश संदीप संजय अभिषेक साहू मोहन साहू कृष्ण कुमार अभिषेक पटेल जितेंद्र पटेल राहुल राधे राजेंद्र साहू परमानंद पटेल ली सरजू अभिषेक ठाकुर पप्पू ठाकुर शरद ठाकुर और सभी सदस्य रहे।

### दीपावली के पावन पर्व पर बच्चों के द्वारा अन्न का संग्रह किया

**करेली, देशबन्धु।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल स्कूल में विगत वर्षों से चावरा स्पंदन के नाम से एक सोशल क्लब चल रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को समाज से जोड़ना है। विगत वर्षों की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर बच्चों के द्वारा अन्न का संग्रह किया गया एवं संग्रहित अनाज को बरमान के तपोभूमि वृद्धाश्रम एवं करेली की मेरे अपने संस्था को वितरित किया गया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इस कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता प्रदान की एवं वृद्ध आश्रम में कुछ समय व्यतीत किया। सभी वृद्ध जनों से अनुभव व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्य को करने के लिए आदरणीय प्राचार्य महोदय फादर वर्गीस का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सोशल क्लब के सदस्य वर्षा राजपूत मैडम एवं जितेन्द्र सर के सानिध्य में बच्चों ने अन्न वितरित किया। इस कार्य हेतु सोशल क्लब के सभी सदस्यों एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। सभी छात्र-छात्राओं ने इस अन्नदान में उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों को समाज से जोड़ना एवं समाज की वास्तविक स्थिति से परिचित कराना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है।

### अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुध्द जारी कार्रवाई

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देश पालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक वृत्त उत्तर में 08 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 528880 रू. अनुमानित मूल्य की 112.0 ब.ली. मदिरा एवं 5020 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 07 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 14538 रू. अनुमानित मूल्य की 56.17 ब.ली. मदिरा एवं 00 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। वृत्त शहर में 11 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 76507 रू. अनुमानित मूल्य की 67.52 ब.ली. मदिरा एवं 600 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। वृत्त लखनादौन में 11 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 78768 रू.अनुमानित मूल्य की 56.3 ब.ली.मदिरा एवं 645 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। वृत्त घंसौर में 10 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 76568 रू. अनुमानित मूल्य की 53.8 ब.ली. मदिरा एवं 630 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

### श्रीधाम स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज की मांग

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के श्रीधाम स्टेशन से जिस ट्रेन में गरीब जनता सफर करती थी वह ट्रेनें बंद कर दी गई है अब सवाल यह उठता है की गरीब जनता की कोई सुनने वाला है क्या।जो बंद पड़ी शटल और फास्ट गाड़ी को पुन: चालू करने के लिए प्रयास होना चाहिए इस विषय में अनेक बार जनता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत भी कराया किंतु जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जनमानस में आक्रोश पैदा कर रही है।

## जिला कवि कुल परिवार का दीपावली मिलन समारोह

# माँ रेवा के तट पर गूँजीं कविताएं

**करेली, देशबन्धु।** माँ रेवा की कल - कल करती जलधारा और शीतल नीर के तले जब कविताओं के जरिये माँ नर्मदा का गुणगान कवियों ने किया तो जय नर्मेदे-हर हर नर्मेदे के जयकारे गूँज उठे। गत रविवार को जिला कवि कुल परिवार नरसिंहपुर द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन माँ नर्मदा के पावन तट ब्रम्हांड घाट पर आयोजित हुआ। जिले के कौने - कौने से आये लगभग 20 कवियों ने सर्वप्रथम माँ रेवा व माँ शारदे का पूजन अर्चन वंदन किया। तदुपरांत माँ नर्मदा की पावन सुमधुर वंदना आमगांव के सुनील नामदेव तन्हा ने हम आये तेरे द्वार और मगर वाहिनी से की। करेली के शैलेन्द्र बिल्थरे ने दिन को करके उबड़ खाबड़, आये है वो रात मांगने। दाना दाना तरस गये हम, आये हैं सौगात मांगने। कविता प्रस्तुत की। तो नरसिंहपुर के कुंजबिहारी यादव ने भर्त बाटी मौज मस्ती खुशी संग बनी बाटियाँ, भर्ता घी गुड़ मलीदा सनी बाटियाँ। बैठ कर साथ में प्रेम अनुराग से-

पेटभर फिर सभी ने हनी बाटियाँ रचना की सुरमयी प्रस्तुति दी। राँकई के मधुर गीत गज़लकार अब्दुल गफ्फार भारती ने जब तरन्नुम के हवाले से अपनी गज़ल ये रश्मे जहां सबको इक दिन तो निभाना है, जो आया है जायेगा दस्तूर पुराना है। के साथ बुंदेली गीत बूढ़ापो कैसे कटे दई मारो, बुढ़ापो कैसे कटे दई मारो , मैने बहू चाय का मांगी, कुत्ता सो धुतकरो बुढ़ाँपो कैसे कटे हमारो।



गुनगुनाई तो सारा परिसर तालियों से गूँज उठा। बरमान के पं.भोलाराम तिवारी आदर्श ने आस्तीनों में अक्सर सांप पलते हैं, अपने ही अपनो को छलते हैं, गर खुदा मेहरबान हो आदर्श, तूफां में भी चिराग जलते हैं। शानदार रचनापाठ किया। युवा शायर अंशुल नादान ने मधुर कंठ से अपनी गज़ल वो लहर बन के आई चली भी गई, हम नदी के किनारे खड़े रह गये, की प्रस्तुति दी। शासकीय राजस्व विभाग में कार्यरत् सूर्यकांत साहू ने किसानों का दर्द अपनी कविता वेदना के माध्यम से ऊकेरा व माँ नर्मदा को समर्पित रचना की प्रस्तुति भी दी।

तेन्दूखेड़ा के प्रसिद्ध गज़लकार धर्मेंद्र आजाद तिजोड़ी वालों ने अपने नायाब तरीके से एक से बढ़कर एक गज़ल गुनगुनाई, आपने %%गज़ब कमाल ये मैं रोज- रोज करता हूँ, जियूँ मैं जिसके लिये मैं उसी पे मरता हूँ। मैं खिल उठूँ जो मेरी खुशबू मेरे पास रहे, वो हो न साथ तो मुरझा के मैं बिखरता हूँ की प्रस्तुति दी।संचालन कर रहे युवा रचनाकार अमित जैन संजय ने %%ज़िन्दगी की राह में काटें तो पाए हैं बहुत, है तमन्ना अब गुलों से बात होना चाहिए। इस तरह मिलने बिछुड़ने में मजा आता नहीं,जिंदगी तेरा मुकम्मल साथ होना चाहिए सहित दीपावली पर भाव व्यंजना रखी।

खला राजमार्ग के मुकेश रघुवंशी ने अपने मुक्तकों से समाँ बाँधा। सुनीत तन्हा ने रचना %%बहुत रह लिया अब किराए के मकान में, अब तो चैन से सोना चाहता हूं श्मशान में, यह दो दिन की जिंदगी है प्यार से काट ले तन्हा, कब ताला लग जाए तेरी सांसों की दुकान में। कहकर यथार्थ चिंतन किया। बरमान के वरिष्ठ कवि ध्यान सिंह कौरव ने %%अचरज से हो आंख अचंभित, जग में ऐसे चित्र कहां है। जिनकी खुशबू से मन महके, ऐसे भी तो इत्र कहां है। वैसे तो सस्ती है दुनिया, रिश्ते भी अनमोल नहीं है। जीवन को जो पावन कर दे, सच में ऐसे मित्र कहां है..? नवयुवाओं को नवीन दिशा बताई।

जिले के वरिष्ठ व मोहद निवासी गीत गज़लकार सतीश तिवारी सरस ने अपनी गज़लों, छंदो, मुक्तको से ऊँचाइयाँ प्रदान की। इस मौके पर विजय नामदेव %बेशर्म% , प्रशांत कौरव %मजबूर% व अमित सोनी भी उपस्थित रहे। माँ रेवा की पावन गोद मे स्नान ध्यान के साथ सभी कविवरों ने महाप्रसाद दाल बाटी भरता स्वयं मिलकर बनाया तो आनंदित पलो के इस महोत्सव को खुशियों के साथ हर्षोल्लास वातावरण में मनाया। मौके पर आदित्य कौरव का जन्मदिन भी मनाया गया।

# मिट्टी के दीयों से बढ़ी बाजार की रौनक



**सिवनी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फार लोकल स्वदेशी अपनाओ के किये गये आव्हान के बाद बाजारों में स्थानीय घरेलू उत्पादों का व्यवसाय बढ़ गया है, जिससे परंपरागत व्यवसाय करने वालों को काफी लाभ मिल रहा है।

इसी परिपेक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भी स्वदेशी अपनाओ के आव्हान से दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों के चाक ने गति पकड ली है। कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दियों के साथ ही अन्य सजावटी एवं घरेलू सामान बनाए जा रहे हैं, जिन्हें लोगों द्वारा घरों को सजाने के ही उपयोगिता के हिसाब से क्रय किया जा रहा है।

जिससे कुम्हार काफी प्रसन्नचित हैं। ऐसी ही सिवनी जिले की बरघाट निवासी श्रीमती संतोषी टेकचंद प्रजापति हैं, जो बताती हैं कि दीपावली पर्व को लेकर पूर्व से ही घर के सभी सदस्य मिट्टी के दिए एवं अन्य घरेलू उपयोग की चीजें बनाने लगते हैं। दीपावली, करवाचौथ जैसे त्यौहारों में दिए और करवा (मटकी) की अच्छी बिक्री होने से अच्छा लाभ प्राप्त होता है।

संतोषी बताती हैं कि दीपावली के 3..4 दिन पूर्व से ही दीपावली के दिन तक जिला मुख्यालय स्थित मठ मंदिर सिवनी के पास समान विक्रय हेतु दुकान लगा लेते हैं। नगरीय क्षेत्र होने के कारण व्यवसाय अच्छा हो जाता है।

## दिए विक्रेताओं से नहीं लिया जायेगा कर

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन ने ग्रामीणों एवं कुम्हारों की सुविधा एवं मिट्टी के दिए के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से जिलें के सभी नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्र में मिट्टी के दिये विक्रेताओं से किसी भी प्रकार की कर वसूली न करने के आदेश जारी किये हैं।

साथ ही सम्बंधित अधिकारियों मिट्टी के दिए विक्रेताओं की सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिये हैं।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 30 अक्टूम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की चौदस, नक्षत्र-हस्त।**

**मेष**
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ**
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।
`क-

**कर्क**
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह**
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला**
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु**
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर**
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.

## खाद्य विभाग हुआ मौन, कार्रवाई करेगा कौन

# त्योहारी सीजन में मिलावटी मावा की भरमार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर सहायता आसपास के क्षेत्र में इस समय त्योहारों की धूम मची हुई है आगामी दीपावली के त्योहारों को लेकर नागरिक अपने घरों की साफ सफाई व लिपाई पुताई में व्यस्त हैं। एवं दीपावली के पावन पर्व के पूर्व अपने घरों को साफ स्वच्छ कर दीपावली की तैयारी में मशगूल है त्योहारों के दौरान प्रत्येक घरों में एवं खाद्य पदार्थ जैसे मीठा मिठाई का भरपूर इस्तेमाल होता है,वहीं आगामी त्यौहारों के सीजन को देखते हुए जहां मार्केट में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार भी बनी हुई है ऐसी मिलावटी खाद्य सामग्री को मार्केट में खपाकर मोटा माल कमाने की तैयारी में लगे हुए हैं। जहां नकली एवं मिलावटी मावा से निर्मित मिठाइयों को खाकर नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है एवं कई बार तो यह जानलेवा भी साबित होता है।



जहां त्योहारों की तैयारी में आमजन जी जान से जुटे हुए हैं वही खाद्य विभाग के अधिकारी मस्त होकर गहरी निंद्रा में विचरण कर रहे हैं। खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को इतनी भी फुर्सत नहीं है कि इस त्योहारी सीजन में नगर के खाद्य प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर मिलावटी पदार्थ की जांच या निरीक्षण करें। अधिकारी भी यह सोचते हैं कि जब घर बैठे ही तनख्वा मिल रही है फिर शरीर को कष्ट क्यों देना। ऐसे अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही ना होने से इनके हौसले अधिक बुलंद रहते हैं जब हमारे संवाददाता ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की विषय पर चर्चा करने के लिए खाद्य अधिकारी शंकर पटेल एवं पूजा तिवारी को फोन लगाया तो उनका नंबर स्विच ऑफ बंद बता रहा था। इसके बाद हमने तीसरे खाद्य अधिकारी शिवकुमार पांडे को फोन लगाया तो उनका फोन घंटी जाने के बाद भी नहीं उठा।

**खानापूर्ति के लिए कभी कभार की जाती है जांच-** स्थानीय खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति के लिए ही मात्र कागजों में ही खाद्य प्रतिष्ठान की जांच पूरी कर ली जाती है धरातल पर यह कभी कभार ही देखने मिलते हैं।अब इन अधिकारियों के हौसले क्यों बुलंद है यह तो उच्च अधिकारी ही बेहतर तरीके समझ सकते है। वहीं जांच ना होने से मिलावटखोर आमजन के स्वास्थ्य से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। जो स्वास्थ्य के नजरिया से अत्यंत घातक साबित हो सकता है। वहीं जिला कलेक्टर विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर लगातार दिशा निर्देश जारी।